‘अबुआ वीर दशिोम अभियान’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

2 अक्तूबर 2023 को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य में ‘अबुआ वीर दशिोम अभियान 2023’ का शुभारंभ किया गया।

प्रमुख बदिु

- इस अवसर पर ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन-पुनर्गठन करने, वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिये शपथ ली गई।
- शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से वनाधिकार के लिये प्रस्तावित अबुआ वीर दशिोम अभियान, 2023 (वन अधिकार अभियान, 2023) के क्रियान्वयन और वन अधिकार नियम के अनुसार अनुशंसा करने, जल, जंगल और ज़मीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिये समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ ली गई।
- राज्य के 30 हज़ार से अधिक ग्राम सभाओं ने वन अधिकार अधिनियम के अतर्गत ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन-पुनर्गठन तीन अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक होगा।
- उपायुक्त अपने-अपने ज़िलों में अक्तूबर के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में ज़िलास्तरीय वन प्रमंडल पदाधिकारी और राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई के लिये सभी प्रकार के भू-अभिलेख फॉरेस्ट मैप की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये पूरी कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करेंगे।
- **एफआरसी सेल का भी होगा गठन:** ज़िलास्तर, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर एफआरसी सेल का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति की ओर से पेश किये गए दावों पर ग्रामसभा द्वारा लिये गए निर्णय से एसडीएलसी को अनुशंसित दावों की एक प्रति प्रखंडस्तरीय एफआरए सेल में दी जाएगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-abua-veer-dishom-campaign-